पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

पुराछात्रों के ज्ञान एवं अनुभव का लाभ समाज को मिले--राज्यपाल

लखनऊः 29 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज आई0आई0टी0 रूड़की पुराछात्र संगठन लखनऊ चैप्टर के वार्षिक सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आई0आई0टी0 रूड़की देश की शान है। संस्थान का नाम उसके काम के लिये विख्यात है। आई0आई0टी0 रूड़की के पुराछात्रों के ज्ञान एवं अनुभव का लाभ समाज को मिले। देश एवं प्रदेश के विकास में संगठन अपने विचारों एवं अनुभवों से सहयोग दे तो देश के साथ-साथ रूड़की का नाम भी बढेगा। उन्होंने कहा कि भारत के इंजीनियरों की ख्याति पूरे विश्व में है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इण्डिया का नारा दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने भी मेक इन यू0पी0 की बात कही है। उत्तर प्रदेश हिन्दुस्तान का हिस्सा है। दोनों को एक दूसरे के परस्पर पूरक के रूप में काम करना चाहिये। ऐसे में इंजीनियरों का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि अवस्थापना का निर्माण इंजीनियरों के माध्यम से होता है। समय और निर्धारित व्यय के अन्दर पर परियोजनाओं का काम पूरा करना चाहिये। उन्होंने कहा कि समय और निर्धारित व्यय पर काम पूरा न होने पर उसका असर परियोजना के उद्देश्य पर पड़ता है।

श्री नाईक ने पूर्व छात्रों का आहवान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में अपना वैचारिक योगदान दें। ताजमहल, भूलभुलैय्या, बड़ा इमामबाड़ा और छोटा इमामबाड़ा आदि की स्थापत्य कला और मजबूती आज भी आश्चर्य का विषय है। जबकि आज के युग की बनी इमारतें कुछ ही सालों में बेकार हो जाती हैं। गुणवत्ता और व्यय पर लगातार विचार-विनिमय होना चाहिये जिससे ज्ञान और अनुभव का लाभ समाज को मिले। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के साथ स्मार्ट सिटी के निर्माण करने मंे ऐसे संगठन सरकार और समाज को अपने सुझाव दें।

राज्यपाल ने इस अवसर पर 1955,1965 एवं 1975 बैच के छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा एक स्मारिका का भी विमोचन किया। सम्मानित होने वालों में मुख्यतः श्री आर0एन0 वर्मा, श्री डी0एन0 भार्गव, श्री पी0एन0 मिश्रा, श्री पुस्कर श्रीवास्तव, श्री ए0के0 सिद्दीकी व अन्य लोग भी थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री राकेश गर्ग सचिव, टेलीकाम, भारत सरकार एवं श्री आर0एन0 गोयल ने अपने अनुभव व पुरानी बातें साझा कीं।


IIT Roorkee Alumni Association
Lucknow Chapter
Annual Function

IIT Roorkee Alumni Association
Lucknow Chapter
Annual Function
29th November 2015

IIT Roorkee Alumni Association
Lucknow Chapter
Annual Function
29th November 2015
Chief Guest : Sri Ram Naik
Hon'ble Governor, Uttar Pradesh